

नवभारत
भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी, 2026

# विरासत से विकास की उड़ान भरेगा ऐरण

## विश्व पर्यटन स्थल के रुप में विकसित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध करायेंगे : प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. जिले के बीना स्थित ऐरण विश्व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जिससे कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे एवं क्षेत्र समृद्ध बनेगा, विरासत से विकास की उड़ान भी शुरू होगी. उक्त विचार उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सागर जिले के बीना में तीन दिवसीय ऐरण महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए.**



प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निकट भविष्य में यह ऐरण विश्व पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित होगा और यहां बड़ी संख्या में सैलानी एवं पर्यटक आएंगे. उन्होंने कहा कि यहां बीना नदी के कारण यह स्थल और भी मनोरम है. उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक विष्णु भगवान की मूर्ति देखकर लगता है कि सैकड़ों हजारों वर्ष पूर्व भी यहां के कलाकार कितने कुशल एवं दक्ष होंगे, जिन्होंने इतनी अच्छी नक्काशी के माध्यम से उनको मूर्ति रूप दिया. उन्होंने कहा कि इतिहास परंपरा को आधुनिकता से जोड़ने का कार्य ऐरण महोत्सव करेगा. प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह ऐरण महोत्सव के माध्यम से कला संस्कृति को जहां मंच मिल रहा है वहीं संस्कृति एवं इतिहास से सभी अवगत भी हो रहे हैं. बीना विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि ऐरण महोत्सव बीना सहित बुंदेलखंड एवं मध्य प्रदेश के गौरव का पुरातत्व स्थल है जिससे पूरे विश्व में सागर की पहचान स्थापित हुई है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वादा किया था, आज मुख्यमंत्री के द्वारा यह वादा पूरा किया गया है. उन्होंने कहा कि ऐरण बुंदेलखंड सहित विश्व की धरोहर है.

> विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि ऐरण को संरक्षित एवं संरक्षण करने का कार्य हम सबको करना होगा उन्होंने समस्त जन समुदाय से अपील भी की कि ऐरण क्षेत्र में जो भी मूर्ति प्राप्त होती है वह पुरातत्व विभाग को प्रदान करें ऐरण भविष्य में बड़ा पर्यटन स्थल बनेगा. उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने ऐरण में बीना नदी में गंगा आरती की. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, पूर्व विधायक अरुणोदय चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे. ऐरण महोत्सव के दौरान उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. मोहन चढ़ार एवं डॉ हरि सिंह गौर विवि के इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ.नागेश दुबे को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया. 1700 वर्ष पुराने ऐरण के विष्णु भगवान के मंदिर एवं विभिन्न अवतारों की जानकारी डा. मोहन चढ़ार एवं डॉ नागेश दुबे ने विस्तार से जानकारी दी.

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला मृत

## नशे की हालात में क्लीनर चला रहा था ट्रक, दुर्घटना में बच्चा गंभीर रुप से घायल

नवभारत न्यूज

**बीना 15 जनवरी. खुरई के रीठौर बायपास चौराहे के पास एक तेज रफ्तार ट्रक क्लीनर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें महिला की मौत हो गई, वहीं एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. ट्रक क्लीनर नशे में था.**



मिली जानकारी के अनुसार बीना निवासी नीरज राय पत्रकार अपनी छाया राय 36 वर्ष और बेटे तेजेश्वर 6 वर्ष के साथ बाइक एमपी 15 जेडबी 1033 से राहतगढ़ से बीना लौट रहे थे. रीठौर बायपास चौराहे के पास ट्रक एमपी 20 एचबी 6991 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. हादसे में छाया राय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटे तेजेश्वर के सिर में गंभीर चोटें आई. नीरज राय सुरक्षित हैं. घायल तेजेश्वर को पहले सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे सागर रेफर कर दिया गया. नीरज राय ने बताया कि वे मकर संक्रांति पर राहतगढ़ के मीरखेड़ी गांव में बुआ को लड्डू देने गए थे और बीना लौट रहे थे. साइड ग्लास जब मैंने देखा के पीछे ट्रक लहराता हुआ आ रहा है तो मैं गाड़ी साइड में लगा ली और खड़े हो गए किंतु ट्रक चालक में सीधी टक्कर मार दी जिससे हम तीनों दूर जाकर गिर गए, जिसमें मेरी पत्नी एवं बच्चा गंभीर घायल हो गए कोई भी शासकीय वाहन ना आते देख तत्काल ऑटो में बैठाकर ले गए. अस्पताल पहुंचने पर पत्नी को मृत घोषित कर दिया एवं बच्चे को सागर रेफर किया गया. घटना की सूचना पुलिस को दी, खुरई देहात थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया.

## एक नजर में



### प्रभारी मंत्री का बीना आगमन पर किया स्वागत

**सागर.** उपमुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल के बीना आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया, विधायक निर्मला सप्रे एवं पार्टी पदाधिकारी व स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया. मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने उपस्तिथ कार्यकर्ताओं से भेंट कर चर्चा की.



### दान पुण्य कर सुख समृद्धि की कामना की

**राहतगढ़.** मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा भक्तिभाव के साथ मनाया गया. नगर के बीना नदी स्थित प्राचीन शिवालय मंदिर बनेनीघाट, गिरजादहार, श्यामलिया मंदिर, राघव मंदिर, बिहारी मंदिर आदि दर्शनीय स्थानो पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दान-पुण्य कर परिवार में सुख समृद्धि की कामना की. ब्लॉक कॉलोनी, दशहरा मैदान एवं स्वामी कालकानंद समाधि स्थल मैदान सहित घरों की छतो पर बच्चों में पतंग उड़ाने के साथ साथ पतंगबाजी का दौर दिखाई दिया. वही गौशाला सेवा समिति के सदस्यों ने गौशाला में लगभग दो क्विंटल गुड, तिल, मैथी के लड्डू बनाकर गायों को खिलाकर पर्व मनाया.



### स्थापना दिवस पर मौसम कार्यालय में कार्यक्रम

**सागर.** मौसम विज्ञान कार्यालय में भारत मौसम विज्ञान विभाग का 151वां स्थापना दिवस मनाया. मौसम कार्यालय से पूजा यादव, आशीष सिन्हा, अमन मिश्रा एवं महेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूली बच्चों का क्विज कम्पटीशन कराया एवं छात्रों को पुरस्कार दिए. इस अवसर पर छात्रों को मौसम विज्ञान द्वारा दी जाने वाली मौसम विज्ञान सेवाओं और प्राकृतिक आपदा प्रबंधन और रोकथाम में भारत मौसम विज्ञान विभाग की भूमिका के बारे में बताया गया. इसके अलावा, छात्रों को मौसम विज्ञान सेवाओं, सैटेलाइट मौसम विज्ञान सेवाओं और मौसम पूर्वानुमान का सामान्य अवलोकन भी दिया गया. कार्यालय प्रभारी अधिकारी विवेक छलोत्रे ने आभार व्यक्त किया.



### थायरॉइड जागरुकता माह के तहत शिविर

**सागर.** आईएमए सागर एवं स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में सीएचसी गढ़ाकोटा में राष्ट्रीय थायरॉइड जागरूकता माह पर शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में वरिष्ठ मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ जितेन्द्र सराफ ने बताया के अनुमानित तौर पर 4 करोड़ भारतीय थायरॉइड विकारों से प्रभावित हैं, जिनमें से कई मामलों का निदान नहीं हो पाता क्योंकि लक्षण अक्सर हल्के होते हैं या उन्हें तनाव या बढ़ती उम्र जैसी अन्य स्थितियों के लक्षण समझ लिया जाता है. आईएमए अध्यक्ष डॉ तल्हा साद ने बताया के महिलाओं में पुरुषों की तुलना में थायरॉइड की समस्या होने की संभावना 5 से 8 गुना अधिक होती है, और लगभग 8 में से 1 महिला को अपने जीवनकाल में थायरॉइड की समस्या हो सकती है. उन्होंने बताया के साधारण रक्त परीक्षण (जैसे टीएसएच परीक्षण) के माध्यम से समय पर इसकी जांच की जा सकती है और निदान संभव है. उन्होंने बताया के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि थायरॉइड अतिसक्रिय है या अल्पसक्रिय. हाइपोथायरायडिज्म है. इस अवसर पर बीएमओ डॉ सुयश सिंघई, डॉ साक्षी सिंघई सहित स्टॉप मौजूद था.

# समारोह को लेकर मुलाकात



नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. सेन समाज संगठन द्वारा भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी में आयोजित किए जाने वाले सेन समाज सम्मान समारोह को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार जारी है.**

सेन समाज के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक शैलेंद जैन के निवास पर पहुंचकर प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी दी. प्रतिनिधिमंडल में राजेश्वर सेन, श्रीकांत सेन, डॉ. जीवन लाल सेन, महेश सेन, संतोष सेन, विनोद सेन, बालकिशन सेन, विनोद सेन, पूरन सेन, भरत सेन, गजराज सेन,नितेश सेन, बबलू सेन, राकेश सेन,जगदीश सेन एवं चतुर्भुज सेन उपस्थित रहे.

# दुष्कर्म के आरोपी ने बांदरी में फांसी लगाई

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. मोतीनगर थाना अंतर्गत दुष्कर्म के आरोपी ने बांदरी थाना क्षेत्र में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवक की मौत के बाद परिजन भड़क गए और मोतीनगर थाने के सामने शव रखकर चक्काजाम कर दिया.**



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले मोतीनगर थाना क्षेत्र की एक महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके बेटे के दोस्त हीरालाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया. शिकायत के आधार पर पुलिस ने हीरालाल के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी. केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार था. पुलिस के अनुसार फरारी के दौरान हीरालाल बांदरी थाना क्षेत्र के पिथौरिया गांव पहुंचा, जहां उसने आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मालथौन में पोस्टमार्टम कराया गया. परिजनों का कहना है कि हीरालाल को दुष्कर्म के मामले में झूठा फंसाया गया था और इसी मानसिक दबाव में उसने यह कदम उठाया. इसी मांग को लेकर परिजन मोतीनगर थाने पहुंचे और शव रखकर सड़क जाम कर दी थी.

### अलंकरण समारोह 1 को

**सागर.** स्मृतिशेष साहित्यकार महेंद्र फुसकेले के नाम पर अलंकरण के लिए आयोजित बैठक में इस वर्ष वरिष्ठ कवि लक्ष्मी नारायण चौरसिया के लिए चुना गया है. साथ ही अन्य सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्तियों में शिक्षा के लिए गुलजारीलाल जैन, स्वास्थ्य के लिए डॉ. महेंद्र जैन ,रक्तदान के लिए समीर जैन और रेलवे स्टेशन पर पेयजल व्यवस्था के लिए डॉ. विनोद तिवारी को महेंद्र फुसकेले जन सेवा अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा. अलंकरण समारोह में प्रलेस द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया जावेगा.

# बकाया करों की वसूली के लिए शिविर शुरु

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. नगर निगम द्वारा बकाया करों की वसूली के लिए विशेष शिविरों का आयोजन प्रारंभ कर दिया गया.**



राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार से इंदिरा नगर एवं गौर नगर वार्ड में शिविर लगाकर संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क, दुकानों का किराया सहित अन्य बकाया करों की वसूली की जा रही है. 16 जनवरी शुक्रवार को मधुकर शाह, सिविल लाइन एवं गोपालगंज वार्ड के नागरिकों के लिए लाल स्कूल के पास विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा, जहां नागरिक सरलता से अपने बकाया करों का भुगतान कर सकेंगे. शिविर में नगर निगम के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जिससे करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो. निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बकाया संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य देय राशियों का भुगतान शिविर में आकर अवश्य करें. उन्होंने कहा कि समय पर कर जमा करने से नगर निगम को विकास कार्यों सफाई व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी.





### सड़क दुर्घटना में मृत

**गौरझामर.** नेशनल हाईवे देवरी से गौरझामर मार्ग पर बरमान से लौट रहे व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी. जिससे मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकरोनिया अंकुर कॉलोनी निवासी मिश्रीलाल पटेल के रूप में पहचान हुई पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

# नकली गुटखा का गोरखधंधा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 15 जनवरी. जिले में नकली गुटखा मंगाने वालों का गोरखधंधा जोरों पर है. सुप्रीमकोर्ट द्वारा प्रतिबंधित जरदा युक्त गुटखा खुलेआम बाजारों में प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर बेचा जा रहा है और आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है.**

सूत्र बताते हैं कि जिले में टैक्स बचाने के चक्कर में चोरी छिपे बिना प्रपत्र या एक ही प्रपत्र पर कई बार गुटखा माल मंगाने का कारोबार भी खूब चल रहा है, जिससे शासन को हर माह करोड़ों रुपयों की टैक्स की चपत लग रही है. जनपद में एक दर्जन से अधिक प्रकार की कम्पनी के जर्दा और गुटखा और पान मसाला बिक रहा है. सूत्रों का यह भी कहना है कि जिले के अधिकांश गुटखा झांसी, मऊरानीपुर व कानपुर से मंगाया जाता है, जबकि कई कम्पनियों के गुटखा मध्य प्रदेश के शहरों से भी मंगाए हैं, जिले में वर्तमान में प्रतिष्ठित कम्पनियों के पान मसाला बेचा जा रहा है. हालांकि इन सभी पान मसाला पाउच के साथ तम्बाकू के अलग पाउच भी दिया जा रहा है, जो लोग खुलेआम पान मसाला के साथ तंबाकू मिक्स करके खा रहे हैं.



# संवाद केंद्र में समस्याएं सुनीं

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. सांसद डॉ. लता वानखेड़े सांसद संवाद केंद्र में बैठकर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनी है. इस दौरान, पेयजल, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें सामने आईं.**

सांसद ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कई मामलों में उन्होंने पत्राचार के साथ-साथ दूरभाष के माध्यम से भी अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा. जनसंवाद के दौरान सनातन सद्भाव संगठन के प्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने सांसद डॉ. वानखेड़े को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में ऐतिहासिक और पवित्र वंदे मातरम गीत को भारतीय संविधान में विशिष्ट प्रावधान के माध्यम से औपचारिक रूप से राष्ट्रीय गीत के रूप में शामिल कराए जाने का निवेदन किया. इस अवसर पर हरिराम सिंह ठाकुर, रामेश्वर नामदेव, आशालता सिलाकारी, पार्षद विनोद तिवारी, विक्की गौतम, नरेश यादव मौजूद थे.

### जैसीनगर में क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ

**राहतगढ़.** खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास का प्रतीक है. सुरखी विधानसभा क्षेत्र में क्रिकेट महाकुंभ युवाओं के हुनर को एक मंच है जिसके माध्यम से वह अपना हुनर दिखाकर क्रिकेट की दुनिया में स्थान बना सकते हैं. मंत्री क्रिकेट महाकुंभ जैसे आयोजन युवाओं को नशे और भटकाव से दूर रखकर सकारात्मक दिशा देने का कार्य कर रहे हैं. युवा शक्ति संगठन का संकल्प है कि हर गांव और हर युवा को खेल से जोड़कर सशक्त भारत की नींव रखी जाए. यह बात युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत ने जैसीनगर में मंत्री क्रिकेट महाकुंभ शुभारंभ के अवसर पर कही. आकाश ने कहा कि युवा देश की तस्वीर और तकदीर बदल सकते हैं.

# जमीनों की कीमत बढ़ाने गरीबों के मकानों पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया

## राजीवनगर वार्ड में वार्ड कमेटी गठन को लेकर बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. जिला शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक-3 के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन राजीव नगर वार्ड में किया गया.**



बैठक में मुख्य अतिथि जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव रहे. उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए युवा, महिलाएं, बुजुर्ग एवं बुद्धिजीवी वर्ग को साथ लेकर शीघ्र ब्लॉक एवं वार्ड स्तर की टीम का गठन किया जाए. श्री जाटव ने कहा कि शहर के सभी 48 वार्डों में वार्ड कमेटियों का गठन करना कांग्रेस की प्राथमिकता है. इन कमेटियों में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं को विशेष रूप से आगे लाया जाएगा. उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती देने के लिए ब्लॉक अध्यक्षों को तेजी से कार्य करना होगा.

> बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ भूमाफियाओं ने अपनी जमीनों की कीमत बढ़ाने के लिए गरीबों के मकान और दुकानों पर बुलडोजर चलवाए गए, जिसे क्षेत्र की जनता कभी नहीं भूलेगी. बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र राजे, महेश अहिरवार, गोपाल प्रजापति, बंटी कोरी, नरेश सनकत, श्रीदास रैकवार, सुनील पाहवा, दीनदयाल तिवारी, नीलेश प्रजापति, योगराज कोरी, भगवान दास प्रजापति, अनिल दक्ष सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया. बैठक का संचालन कमलेश तिवारी ने किया एवं आभार आनंद हैला ने माना.

**स्थापना दिवस** — केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर शिक्षा, संस्कृति ओर समाज विषय पर व्याख्यान में प्रोफेसर विजय बहादुर सिंह ने कहा

# बुंदेली संस्कृति को देश और दुनिया के पटल पर ले जाने की जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

**सागर 15 जनवरी. केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया.**



इस अवसर पर शिक्षा, संस्कृति और समाज विषय पर विशेष व्याख्यान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रख्यात साहित्यकार और शिक्षाविद् प्रो. विजय बहादुर सिंह थे और अध्यक्षता कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने की. इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. चंदा बेन और कुलसचिव डॉ. सत्य प्रकाश उपाध्याय मंचासीन थे. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस. पी. उपाध्याय ने स्वागत वक्तव्य दिया. कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि इन 16 वर्षों में विश्वविद्यालय ने आधारभूत संरचना से लेकर शोध के क्षेत्र में लंबी दूरी तय की है. कुलपति ने कहा कि आज हमारा विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि इस विश्वविद्यालय के कई शिक्षक विश्व के शीर्ष 02 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हैं. मुख्य वक्ता प्रख्यात साहित्यकार और शिक्षाविद प्रो. विजय बहादुर सिंह ने शिक्षा, संस्कृति और समाज' विषय पर विचार रखे. उन्होंने कहा कि शिक्षा वही है जो समाज को अपनी संस्कृति से जोड़े रखे. केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के बाद इस संस्थान की जिम्मेदारी बुंदेलखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर ले जाने की ओर बढ़ गई है.

व्याख्यान कार्यक्रम के उपरांत सभागार बुंदेली संस्कृति के रंगों में रंग गया. छात्रों ने पारंपरिक बुंदेली बधाई नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति दी गई.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट आवेदन में मेरा नाम त्रुटिवश SUMALYA KHAN अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम SUMAYLA KHAN है। यह स्पष्ट किया जाता है कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। यह सूचना पासपोर्ट रिकॉर्ड में नाम सुधार हेतु प्रकाशित की जा रही है।
नाम : SUMAYLA KHAN
पता : BAJRANG COMPLEX MASJID KE PAAS, MADHUKAR SHAH WARD, WARD NO. 04 SAGAR M.P.

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक MOHAMMAD ARIF KHAN के पासपोर्ट आवेदन पत्र में उनकी माता का नाम त्रुटिवश SHAHJHANHA BEGAM अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड के अनुसार उनकी माता का सही नाम SHAHJAHA है। यह स्पष्ट किया जाता है कि SHAHJHANHA BEGAM एवं SHAHJAHA एक ही व्यक्ति के नाम हैं। यह सूचना पासपोर्ट रिकॉर्ड में माता के नाम में सुधार हेतु प्रकाशित की जा रही है।
आवेदक का नाम: Mohammad Arif Khan
माता का सही नाम : SHAHJAHA
पता : BAJRANG COMPLEX MASJID KE PAAS, MADHUKAR SHAH WARD, WARD NO. 04 SAGAR M.P.